एक नजर में



## नैतिक मूल्य ही विधार्थी को श्रेष्ठ संस्कारी और आदर्श नागरिक बनाते है – प्राचार्य तिवारी

**हरपालपुर, 11 नवंबर.** नगर की ब्रह्मकुमारीय संस्था द्वारा नजदीकी ग्राम सरसेङ के दीनदयाल उपाध्याय विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों के लिए नैतिक मूल्य एवं गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में संस्कार, सदाचार और बुजुर्गों के प्रति सम्मान की भावना को विकसित करना रहा. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय प्राचार्य सिद्धार्थ तिवारी ने नैतिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नैतिक मूल्य ही एक विद्यार्थी को श्रेष्ठ,संस्कारी और आदर्श नागरिक बनाते हैं. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बीके आशा बहिन ने वृद्धावस्था एवं बुजुर्गों के महत्व विषय पर फोलते हुए कहा बुजुर्ग हमारे घर–परिवार की जड़ हैं उनका अनुभव आशीर्वाद और मूल्यवान सीख जीवन को सही दिशा देती है. आपने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने दादा–दादी व माता–पिता के प्रति सम्मान सेवा–भाव और प्रेम का व्यवहार करें. संस्था की बीके पूनम बहिन ने कार्यक्रम में नैतिक मूल्य विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश में जो भी महान पुरुष हुए उन्होंने शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाया है. हमें भी जीवन की ऊंचाइयों तक जाने के लिए नैतिक मूल्य सच्चाई प्रेम सहयोग ईमानदारी जैसे गुण अपनाने चाहिए जो सफलता की महत्वपूर्ण कुंजी हैं. इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक एम के दीक्षित,एवं समस्त स्टाफ़ उपस्थित रहा. कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी विद्यार्थी और स्टाफ ने संकल्प लिया कि वे नैतिक मूल्यों का पालन करेंगे और अपने जीवन में बुजुर्गो का सम्मान करेंगे .

## कर्वी व मानिकपुर ट्रेनों के समय में परिवर्तन

**हरपालपुर.** यात्री गण कृपया ध्यान दें – उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन ने 11 नवंबर से चित्रकोट धाम कर्वी व मानिकपुर इन दोनों स्टेशनों से गुजरने वाली कई ट्रेनों के समय में बदलाव किया है. कुछ ट्रेनें अब अपने पुराने समय से पहले चलेंगी, जबकि कुछ की टाइमिंग आगे बढ़ाई गई है .मिली जानकारी में ट्रेनों के समय में बदलाव करते हुए रेल प्रशासन ने नया शेड्यूल अपडेट किया प्रयागराज मंडल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी के अनुसार 11 नवंबर से चित्रकूट धाम कर्वी और मानिकपुर जंक्शन समेत कई स्टेशनों से गुजरने वाली ट्रेनों का नया समय तय किया है .यह बदलाव यात्रियों की सुविधा और ट्रेनों के सुचारू संचालन को ध्यान में रखकर किया 11 नवंबर से मानिकपुर जंक्शन से गुजरने वाली गाडी संख्या 22912 हावड़ाइंदौर शिप्रा एक्सप्रेस अब सुबह 9 .50 की जगह 10-00 बजे मानिकपुर से रवाना होगी. गाडी संख्या 61607 सतनामानिकपुर मेमो ट्रेन अब शाम 6 .50 की बजाय 7 .15 बजे मानिकपुर पहुंचेगी .वहीं मानिकपुर से हजरत निजामुद्दीन की ओर जाने वाली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस आगामी 1 जनवरी से अपने पुराने समय 6 .15 बजे की बजाय 6 बजे चलेगी. प्रयागराज ग्वालियर एक्सप्रेस अब 9 .58 की जगह 10 .43 बजे चित्रकूट धाम कर्वी स्टेशन पर पहुंचेगी .कानपुर से मानिकपुर चलने वाली मेमू ट्रेन अब11 .16 की जगह12 बजे चित्रकूट धाम कर्वी पहुंचेगी, और यह ट्रेन मानिकपुर जंक्शन1 .45 की जगह 2 बजे दोपहर पहुंचेगी .यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पहले नई समय सारिणी चेक कर ले .

## एडीएम ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**आष्टा.** एसआईआर प्रक्रिया के प्रथम चरण में जिले के सभी बूथ लेवल अधिकारी घर–घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं और गणना पत्रक वितरित कर रहे हैं. एडीएम वृंदावन सिंह ने ग्राम डोडी, अरनिया, गाजी, हाजीपुर, कुरावर एवं खड़ीहाट के मतदान केंद्र पहुंचकर एसआईआर प्रक्रिया की प्रगति की जानकारी ली. इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल ऑफिसर्स, बूथ लेवल एजेंटों एवं जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर एसआईआर प्रक्रिया के सुचारू संचालन के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया. उन्होंने कहा कि नागरिकों से किसी प्रकार का दस्तावेज नहीं मांगा जा रहा है, केवल गणना पत्रक में मांगी गई जानकारी को भरकर बीएलओ को देना है. उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस कार्य में सहयोग करें ताकिमतदाता सूची पूर्णत: शुद्ध और त्रुटिरहित बन सके. इस दौरान एसडीएम एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नितिन टाले, तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा, निर्वाचन सुपरवाइजर पीएन श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

## सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए लखेरा



**भैरुंदा.** सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम पंचायत खरसानिया द्वारा हाई स्कूल में बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चे एवं ग्रामीण उपस्थित रहे. खेल महोत्सव में उपस्थित मुख्य अतिथि राजेश लखेरा, लोकेश शर्मा, विशाल साहू, शैतान सिंह सरपंच अरविन्द पंवार द्वारा कार्यक्रम में सहभागिता की व रस्साकसी में हिस्सा भी लिया. राजेश लखेरा ने कहा कि शिक्षा के साथ–माथ जीवन में खेलों का बड़ा महत्व है. खेल से तन, मन ओर जीवन स्वस्थ बनता है. हमारे पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान सांसद शिवराज सिंह चौहान केन्द्रीय कृषि मंत्री के मार्गदर्शन यह कार्यक्रम सम्पन्न हो रहे हैं. जो भी इन प्रतियोगिता में अच्छा करेगा वो ब्लाक, जिला, विदिशा ओर राष्ट्रीय स्तर तक अपना परचम लहरा सकता है.

## बेटी और पत्नि की स्मृति में कराया श्री श्याम मंदिर निर्माण

**शाहगंज.** नगर के श्री जगदीश स्वामी मंदिर पुरानी बस्ती में चल रहे तीन दिवसीय श्री श्याम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत श्याम बाबा की प्रतिष्ठा पूजन हवन पूर्णाहुति कन्या भोज एवं विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुई. समाजसेवी लखनलाल गौर की पुत्री श्रीमती प्रतिमा गौर पत्नि मुरलीधर गौर का गत दिवस निधन हो गया था जिनकी स्मृति में श्री श्याम मंदिर का निर्माण कर बाबा खाटू श्याम की प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय आयोजन किया गया. बाबा खाटू श्याम की विशाल यात्रा जगदीश मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई उन्हें जगदीश मंदिर पहुंची.

# चुरयारी बस स्टैंड हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

### गौरिहार पुलिस की कार्रवाई : भेष बदलकर भोपाल में मजदूरों के बीच छुपे थे आरोपी, दोनों पर 20 हजार का इनाम घोषित था

**छतरपुर, 11 नवंबर. गौरिहार थाना पुलिस ने ग्राम चुरयारी बस स्टैंड क्षेत्र में हुई हत्या के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.**

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गौरिहार निवासी रजनीश पटेल और महाराजपुर निवासी सुनील चौरसिया के रूप में हुई है. दोनों पर 20,000 रुपए का इनाम घोषित था. पुलिस ने इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार भी बरामद किए हैं. यह मामला नवंबर माह की शुरुआत का है, जब सरवई–गौरिहार मार्ग पर चुरयारी बस स्टैंड के पास एक व्यक्ति का शव मिला था.

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाने के साथ परिजनों व गवाहों के बयान दर्ज किए गए. जांच के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया था. अपराध की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उप



महानिरीक्षक छतरपुर रेंज विजय कुमार खत्री द्वारा दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी पर 20,000 रुपए का इनाम घोषित किया गया था. वहीं पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन इस प्रकरण की लगातार निगरानी कर रहे थे.

**मजदूर बनकर किया आरोपी को गिरफ्तार:** जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी सुनील चौरसिया भोपाल के करोंद मंडी में मजदूरों के बीच छिपकर रह रहा है. इस सूचना पर गौरिहार पुलिस टीम ने भेष बदलकर मंडी में पल्लेदारों के साथ मजदूरी का नाटक किया और सही समय पर दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया.

> **पहले से 4 मामले दर्ज**
> पुलिस के अनुसार, आरोपी सुनील चौरसिया जुआ और मारपीट जैसे चार अन्य अपराधों में भी शामिल रहा है. गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है. मामले में आगे की विवेचना जारी है.

## इधर, पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

- पुराने विवाद में युवक का अपहरण कर जंगल में मारपीट
- बाइक और लाठी–डंडे बरामद, एक आरोपी अभी भी फरार



**छतरपुर, 11 नवंबर. भगवा थाना क्षेत्र में पुराने विवाद के चलते एक युवक को खेत से अगवा कर जंगल में ले जाकर बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है.**

घटना के चार दिन के भीतर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपियों के कब्जे से घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल और लाठी–डंडे भी बरामद किए गए हैं, जबकि एक आरोपी अभी भी फरार है. पुलिस के अनुसार, ग्राम झिंगरी निवासी एक युवक से पुराने विवाद के चलते आरोपियों ने खेत में दबोचकर जबरन मोटरसाइकिल पर बिठाया और उसे जंगल में ले गए. वहां लाठी–डंडों से उसकी जमकर पिटाई की गई. पीड़ित की रिपोर्ट पर भगवा थाने में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था.

गिरफ्तार आरोपियों में राजा भैया, निवासी ग्राम खैरी (पिता–सुखसाहब सिंह), सत्यम राजा, निवासी ग्राम खैरी (पिता–चाली राजा), सेवेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम गढ़ीपुरा नरवा थाना शाहगढ़, जिला सागर (पिता–भानु सिंह बुंदेला) पुलिस ने बताया कि एक आरोपी अभी भी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है. पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है.

# बागेश्वर महाराज से मिलाने के नाम पर महिला से ठगी व दुष्कर्म

- महिला की शिकायत पर आरोपी महेंद्र दुबे के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज



**छतरपुर, 11 नवंबर. बागेश्वर धाम के पीठाधीश बागेश्वर महाराज से मिलाने का झांसा देकर एक महिला के साथ ठगी और दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है.**

पीड़िता ने इस संबंध में छतरपुर सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई है. शिकायत के आधार पर पुलिस ने छतरपुर निवासी महेंद्र दुबे के खिलाफ दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है. थाना सिविल लाइन प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि पीड़िता ने शिकायत में बताया कि आरोपी ने बागेश्वर महाराज से विशेष तौर पर मुलाकात कराने की बात कहकर उसका विश्वास जीता. इसके बाद आरोपी ने मौके का फायदा उठाते हुए महिला के साथ दुष्कर्म किया और उससे आर्थिक लाभ भी लिया. शिकायत की पुष्टि होने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, धोखाधड़ी और अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है.

> **पत्नी ने दिया प्रतिवेदन, आरोपों को बताया झूठा**
> वहीं, इस मामले में आज 11 नवंबर को आरोपी महेंद्र दुबे की पत्नी तुलसा दुबे ने एसपी कार्यालय पहुंचकर आवेदन दिया है. उन्होंने कहा कि उनके पति पर लगाए गए आरोप गलत, निराधार और षड्यंत्रपूर्ण हैं. पत्नी ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है. उनका कहना है कि उनके पति निर्दोष हैं और उन्हें फंसाने की कोशिश की जा रही है.



## दिल्ली बम ब्लास्ट के बाद छतरपुर में सतर्कता बढ़ी

- एडिशनल एसपी ने रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड का किया निरीक्षण
- मोबाइल टीमें लगातार कर रहीं निगरानी, संदेहियों से की गई पूछताछ
- सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस बल तैनात

**छतरपुर, 11 नवंबर. दिल्ली में हुए बम ब्लास्ट की घटना के बाद सुरक्षा के मद्देनज़र छतरपुर जिला पुलिस सतर्क मोड में आ गई है. पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देश पर जिले में सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा किया है.**

एडिशनल एसपी ने बीती रात शहर के विभिन्न संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया और स्थिति का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मुख्य चौराहों, बाजार क्षेत्रों और सार्वजनिक पार्किंग स्थलों पर तैनात बल की व्यवस्था की समीक्षा की गई. पुलिस अधिकारियों ने वहां मौजूद संदेहास्पद व्यक्तियों से पूछताछ भी की. इसके अलावा शहर में मोबाइल पुलिस पार्टियों को सक्रिय मोड में रखा गया है, जो रात–दिन अलग–अलग इलाकों में गश्त कर रही हैं.

निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी अनजान या संदिग्ध व्यक्ति दिखे, तो उसकी पहचान और उद्देश्य की स्पष्ट जानकारी ली जाए. पुलिस द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि अगर कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत नज़दीकी थाने या डायल 100 पर सूचना दें. अधिकारियों का कहना है कि यह कदम सुरक्षा एहतियात के तहत उठाया गया है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण एवं निगरानी में है.

# 'मिर्जापुर' स्टाइल में फायरिंग का वीडियो वायरल

- सटई रोड पर दो युवकों ने घर के बाहर बरसाई गोलियां
- खुलेआम हथियार लहराने व फायरिंग से मोहल्ले में दहशत

**छतरपुर 11 नवंबर. शहर में लगातार हो रही फायरिंग और खुलेआम गुंडागर्दी ने माहौल तनावपूर्ण बना दिया है. स्थिति यह हो चली है कि लोग अब इसकी तुलना वेब सीरीज़ 'मिर्जापुर' से करने लगे हैं.**

खासतौर पर युवा हथियारों के साथ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर खुद को 'कालीन भइया' और 'मुन्ना भइया' जैसी छवि में पेश करने की होड़ में दिखाई दे रहे हैं. इसी कड़ी में सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सटई रोड पर बीती रात दो युवकों द्वारा घर के बाहर खड़े होकर की गई



हवाई फायरिंग का वीडियो वायरल हो गया. जानकारी के अनुसार, जिस घर के सामने फायरिंग की गई, वहाँ उस समय परिवार घर के अंदर मौजूद था. लगातार गोलियों की आवाज सुनते ही आसपास के लोगों में दहशत फैल गई.

वीडियो सामने आने के बाद सिविल लाइन पुलिस ने युवकों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है. पुलिस ने कहा है कि हथियार लहराने और सार्वजनिक स्थान पर फायरिंग करने वालों पर सख्त कदम उठाए जाएंगे.

## वेयर हाउस से गेहूं चोरी के आरोपी गिरफ्तार

**रेहटी.** पुलिस ने वेयर हाउस में चोरी करने वाले आरोपियों को गिर तार चोरी किए गए 12 बोरी गेंहू एवं घटना में प्रयुक्त 02 बाइक जप्त करने की कार्रवाई की. जानकारी के अनुसार फरियादी राजेश पाटीदार आ. विष्णु पाटीदार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ललता वेयर हाउस की पीछे वाली शटर के पास गेहूं बिखरे पड़े हैं और ताले टूटे हुए हैं. वेयर हाउस से 18 बोरियां चोरी हो गई थी. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी. थाना प्रभारी राजेश कहारे के नेतृत्व में टीम गठित कर मुखबिर की सूचना एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चकल्दी से सतराना रोड़ पर पंचायत भवन के पास दो बाइक पर बोरी रखे हुए व्यक्ति दिखे जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे. जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा. पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम लक्ष्मण पिता जगदीश बारेला निवासी वनियागांव थाना रेहटी एवं भाईदास बारेला पिता श्रीराम बारेला होना बताया. उन्होंने वेयर हाउस से गेहूं चोरी करना स्वीकार किया. पुलिस द्वारा चोरों से चोरी गई 12 बोरी एवं घटना में प्रयुक्त वाहन 02 बाइक जप्त की.

## रात में चुराया सोयाबीन सुबह लौटाया

**आष्टा 11 नवंबर.** बीती रात अजीबो गरीब मामला सामने आया है जिसमें चोर को चोरी करते रंगे हाथों पकड़ा फिर छोड़ दिया.उसके बाद सुबह फिर पकड़ा.बाद में राजीनामा हो गया. जानकारी के अनुसार अनाज मंडी में बीती रात लगभग 1 बजे शराब के नशे में एक युवक अनाज मंडी में एक सोयाबीन की बोरी ले जा रहा था. जिसे ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा सुपरवाइजर देवी सिंह मेवाड़ा ने रोक कर पूछताछ की तो युवक ने बताया मेरे खुद का माल है. खर्चे पानी के पैसे नहीं है तो बाहर बेचने ले जा रहा हूं. इस बात पर शक होने पर देवी सिंह ने माल जप्त कर अपने कब्जे में रख लिया.

मंगलवार सुबह युवक फिर उनके पास पहुंचा तो युवक ने बताया मेरी बोरी है.

## श्याम बाबा के दरबार में हुआ संकीर्तन

**शाहगंज.** नगर के श्री जगदीश स्वामी मंदिर में नगर के समाजसेवी लखनलाल गौर की पुत्री श्रीमती प्रतिमा गौर पत्नी मुरलीधर गौर की स्मृति में नवनिर्मित श्री श्याम मंदिर में बाबा श्याम की प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया. प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न होने के पश्चात रात्रि में श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें देश की सुप्रसिद्ध भजन गायिका नगर की बेटियां गुनगुन एवं गुंजन तिवारी सिस्टर द्वारा जगदीश मंदिर प्रांगण में बाबा श्याम के भजनों की प्रस्तुति दी गई. कार्यक्रम मध्यरात्रि तक जारी रहा.

# सीटू नाले का कायाकल्प प्रारंभ, बनेगी रिटर्निंग वॉल

नवभारत न्यूज

**सीहोर 11 नवंबर.** शहर के सीटू नाले का कायाकल्प आरंभ हो गया है. करीब चार करोड़ रुपए की लागत से इंग्लिशपुरा से दूल्हा बादशाह तक डेढ़ किमी दायरे में नाले का कायाकल्प किया जा रहा है. इसमें रिटर्ननिंग वॉल बनाने के साथ ही बीच में स्टॉप डैम के अलावा अन्य काम होगा.

मंगलवार को नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर के मार्गदर्शन में नपा के अमले ने गहरीकरण सहित अन्य कार्य शुरू कर दिया है. करोड़ों रुपए की इस योजना से सीटू नाले का सौंदर्यकरण का कार्य पूरा किया जाएगा. जिससे आगामी दिनों में इसकी सूरत बदल जाएगी. रिटर्ननिंग वाल के अलावा फुटपाथ का निर्माण किया जाएगा. नाले के साइड नाली भी बनाई जाएगी, जिससे कि घरों से निकलने वाला गंदा पानी नाले में नहीं मिले. इसकी प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है और यदि सब कुछ ठीक रहा तो सीद नाले की सूरत बदल जाएगी. इंग्लिशपुरा से दूल्हा बादशाह तक कायाकल्प कर सौदर्यकरण किया जाएगा.

नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर की इस मुहिम का क्षेत्रवासियों ने स्वागत किया है. शहर के बीच से सीवन नदी और सीटू नाला गुजरता है. इन दोनों में ही सिर्फ बारिश के समय पानी बहता है. बाकी समय नदी–नाले में पानी ठहरा रहता है, लेकिन बारिश के समय ही ये दोनों इतनी तबाही मचाते हैं कि लोगों को करोड़ों का नुकसान हो जाता है. यूं कहें कि सीवन नदी से बहुत कम बल्कि सीटू नाले से ही ज्यादा नुकसान होता है. इसको ध्यान में रखते हुए नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने इसका काम शुरू करा दिया है.

कार्ययोजना — आष्टा नगरपालिका ने शहर के विकास व सौंदर्यीकरण की योजना बनाई

# मंदिर के समीप घाट व अटल सेतू के पास बनेगा पार्क

नवभारत न्यूज

**आष्टा 11 नवंबर.** नगरपालिका द्वारा जहां नगर में निर्माण कार्य लगातार जारी है. वहीं धार्मिक स्थलों को सहेजने और संवारने का कार्य भी किया जा रहा है. इसी कड़ी में नपा द्वारा परिषद के सहयोग से पार्वती नदी के संरक्षण और सौंदर्यीकरण कार्य के तहत नदी के दोनों किनारो पर घाटों का निर्माण करवाया. अब परिषद नदी के दूसरे छोर पर नदी को साफ, स्वच्छ एवं प्राकृतिक सौंदर्य बना रहे इसके लिए संगम मंदिर के समीप तथा मुक्तिधाम के पास व्यवस्थित घाटों का निर्माण कार्य करवाने का निर्णय लिया गया है. जिसकी कार्ययोजना तैयार कर वरिष्ठ कार्यालय को स्वीकृति हेतु शीघ्र ही प्रेषित की जाना है.

इस आशय की जानकारी



नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने संगम मंदिर, मुक्तिधाम के समीप एवं अटल सेतु स्थित बनने वाले घाटों के निर्माण कार्य के चिन्हित स्थलों का निरीक्षण करते हुए दी. नपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मेवाड़ा ने बताया कि संगम मंदिर नगर के अतिप्राचीन मंदिरों में से एक है, यहां प्रतिदिन श्रद्धालुजन बड़ी सं या में दर्शनार्थ आते हैं. मंदिर की दिव्यता और सौंदर्यता को बढ़ाने के उद्देश्य से घाट का निर्माण करवाने का निर्णय परिषद द्वारा सर्वानुमति से लिया गया. जिस पर नगरपालिका द्वारा आगामी कार्यवाही की जा रही है. संगम स्थित घाट का निर्माण होने से तीज–त्यौहारों पर स्नान आदि करने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा भी होगी.

श्री मेवाड़ा ने बताया कि मुक्तिधाम के समीप नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से घाट के निर्माण के साथ पाथवे का भी निर्माण कार्य होगा.आसानी से नागरिक अस्थि विसर्जन घाट से नदी में कर सकेंगे.

उन्होंने बताया कि घाटों के साथ अटल सेतु पुल के समीप नदी के दोनों किनारों पर पिचिंग कार्य होगा. वहीं व्यायायाम, योगा हेतु गार्डन विकसित किया जाएगा. वहीं नागरिकों के मनोरंजन हेतु चौपाटी भी विकसित की जाएगी. इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के साथ सीएमओ विनोद कुमार प्रजापति, सहायक यंत्री आकाश गुयतर, विजयराज एसोसिएट कंसल्टेंटके जितेन्द्र वर्मा, राजपालसिंह, शैलेन्द्रसिंह भदौरिया आदि मौजूद थे.